प्रकाशनार्थ/प्रसारणार्थ

शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों की समस्त आंतरिक परीक्षाएं स्थगित

भोपाल, शुक्रवार, 13 मार्च 2020

कोरोना वाइरस संक्रमण से बचाव हेतु, प्रदेश के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित करने संबंधी आदेश क्रमांक 483/670/2020/20–2 भोपाल दिनांक– 13.03.2020 के परिपालन में, स्कूल शिक्षा विभाग ने स्थानीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली सभी आंतरिक वार्षिक परीक्षाएं भी, आगामी आदेश तक स्थगित की हैं।

इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण एवं संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र, श्रीमती जयश्री कियावत ने बताया है कि, स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा जारी आदेशानुसार, शासकीय विद्यालयों में कक्षा 5 तथा 8 की बोर्ड पेटर्न पर होने वाली वार्षिक परीक्षाएं तथा कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय सारिणी अनुसार ही संचालित होंगी। अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षाओं के अतिरिक्त समस्त आंतरिक परीक्षाएं आगामी आदेश तक स्थगित रहेंगी।

मीडिया प्रकोष्ठ
राज्य शिक्षा केन्द्र

प्रति,
समाचार प्रकोष्ठ
जनसंपर्क
ध्यानाकर्षण– सुश्री बबीता मिश्र जी